# कार्यालय सहायक निदेशक राज्य महिला सदन,

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,जयपुर
रामसिंहपुरा, शिकारपुरा रोड, सेक्टर -35, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर ( राज0)

क्रमांक : 224 दिनांक : 30/5/2023

## खुली निविदा आमंत्रण सूचना 01/2023–24

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सहायक निदेशक, राज्य महिला सदन जयपुर द्वारा राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अर्न्तगत राज्य महिला सदन, जयपुर में आवासनियों हेतु एक वर्ष के लिए दर संविदा फल एवं सब्जी की आपूर्ति के लिए इच्छुक निविदादाताओं से निम्नानुसार मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–

| क्र. सं. | कार्य/सामग्री का सक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (राशि रूपयों में) | कार्य की अवधि | बिड सिक्योरिटी (राशि रूपयों में) | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासनियों हेतु फल एवं सब्जी की आपूर्ति | 500000 | एक वर्ष | 10000 | दिनांक 07.06.2023 को 2 PM तक | दिनांक 07.06.2023 को 3 PM तक | दिनांक 07.06. 2023 को 4 PM तक |

निविदा प्रपत्र रूपये 200/- का ASSTT. DIRECTOR MAHILA SADAN JAIPUR के पक्ष मे देय डी.डी./ बैकर्स चैक निर्धारित तिथि तक कार्यालय में जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर जमा कराने की स्थिति में निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 200/- का ASSTT. DIRECTOR MAHILA SADAN JAIPUR के पक्ष मे देय डी.डी./बैकर्स चैक तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। खुली निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्ते वेबसाईट htpp:/sppp.rajasthan.gov.in एंव विभागीय वेबसाईट www.sje.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उक्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

(अंजना मानव)
सहायक निदेशक,
राज्य महिला सदन,
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,
जयपुर।

क्रमांक : 225-30 दिनांक : 30/5/2023

प्रतिलिपि **निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है:–**

1. श्रीमान निदेशक महोदय,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान वित्तीय सलाहकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. श्रीमान अतिरिक्त निदेशक (सा.सु.), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान को भेजकर निवेदन है कि उक्त निविदा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करावें।
5. नोटिस बोर्ड राज्य महिला सदन।
6. रक्षित पत्रावली।

सहायक निदेशक

D:\Tender 2023-24\Tender fruit and vegetable (Autosaved).docx

Email- rajyamahilasadan@gmail.com

Phone – 0141-2732486

Scanned with CamScanner

# कार्यालय सहायक निदेशक राज्य महिला सदन,

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,
रामसिंहपुरा, शिकारपुरा रोड, सेक्टर –35, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर ( राज0)


# तकनीकी निविदा

## खुली निविदा 01/2023–24

**राज्य महिला सदन जयपुर में दर संविदा पर एक वर्ष के लिए फल एवं सब्जी की आपूर्ति के लिए निविदा**

1. निविदादाता का नाम व डाक का पूरा पता... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
दूरभाष नं. एवं मोबाईल नम्बर ... ... ... ... ... ... ... ... ... ई–मेल... ... ... ... ... ... ... ... ..... .. .. .. .. .. .

2 संदर्भ निविदा विज्ञप्तिः–खुली निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 1/2023–24 क्रमांक ................. दिनांक ................

3 अनुमानित लागत :– राशि रू 5.00 लाख

4 निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि रूपये 200/- का ASSTT. DIRECTOR MAHILA SADAN JAIPUR के पक्ष मे जारी डी. डी./ बैकर्स चैक संख्या... ... ... ... ... ... ... ... ... दिनांक... ... ... ... ... ... कार्यालय में जमा करा दिये गये हैं/तकनीकी निविदा के साथ संलग्न है।

5 बिड सिक्योरिटी राशि रूपये 10000/- का ASSTT. DIRECTOR MAHILA SADAN JAIPUR के पक्ष मे जारी डी.डी. /बैकर्स चैक संख्या......................................................................दिनांक ...................... संलग्न है।

6 बोली पात्रता के लिए संलग्न प्रमाण–पत्र/ दस्तावेजों का विवरण :–

| क्र. सं. | विवरण | रजि.स. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 के अन्तर्गत<br>या<br>इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत<br>या<br>इण्डियन कम्पनी एक्ट 2013 के अन्तर्गत पंजीकृत होने का प्रमाण–पत्र | | | | |
| 2 | आयकर पैन नम्बर | | | | |
| 3 | वस्तु एव सेवा कर पंजीयन प्रमाण पत्र | | | | |
| 4 | भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के द्वारा जारी लाइसेंस/ पंजीयन प्रमाण पत्र | | | | |
| 5 | राजकीय विभाग/कार्यालय/संस्थान/उपक्रम/निगम में फल एवं सब्जी आपूर्ति करने के कार्यादेश एवं अनुभव प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतिया संलग्न की जावे। | | | | |
| 6 | फर्म/संस्था/कम्पनी के पिछले तीन वित्तीय वर्षो के चार्टेड अकाउन्टेन्ट द्वारा जारी टर्न ओवर प्रमाण पत्र की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रतियां संलग्न की जावे। | | | | |
| 7 | **Acceptance for all terms and conditions Of tender along with ANNEXURE-A,B,C,D,E,F** | स्वहस्ताक्षरित कर संलग्न की जावे। | | | |



Email- rajyamahilasadan@gmail.com

**Phone – 0141-2732486**



Scanned with CamScanner

## निविदा की सामान्य शर्ते

**नोट :–निविदादाताओ को इन शर्तो को सावधानीपूर्वक पढना चाहिये तथा अपनी निविदा भेजते समय इनकी पूर्ण पालना करनी होगी।**

1. निविदादाता को निविदा सूचना, निविदा दस्तावेजों में दिये गये दिशा–निर्देशों एवं शर्तो के अनुसार सम्बोधित करते हुए मुहरबन्द निविदा "दो कवर प्रणाली" द्वारा प्रस्तुत करने होंगे। जिसमें प्रथम लिफाफा तकनीकी निविदा का होगा जोकि निविदादाता की तकनीकी योग्यता, निविदा प्रपत्रों के सम्बन्ध में होगा जिसपर **"फल–सब्जी आपूर्ति हेतु तकनीकी निविदा"** अंकित होना चाहिये एवं दूसरा लिफाफा कार्य की दरों के उद्धरण (ANNEXURE-G) से सम्बन्धित होगा जिस पर **"फल–सब्जी आपूर्ति हेतु वित्तीय निविदा"** अंकित होना चाहिये। मूल्य उद्धरण वाला दूसरा वित्तीय प्रस्ताव वाला लिफाफा केवल उन्ही निविदादाताओं का खोला जावेगा जो तकनीकी रूप से योग्य पाये जायेंगे।
2. **(अ) तकनीकी निविदा :– निम्नानुसार आवश्यक दस्तावेज/प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।**

(1) निविदादाता को विभाग द्वारा जारी खुली निविदा प्रत्येक पृष्ठ पर शर्तो की सहमति के रूप में हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करने होंगे।
(2) निविदा प्रपत्र शुल्क – निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर जमा कराने की स्थिति में निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि 200/- रूपये का ASSTT. DIRECTOR MAHILA SADAN JAIPUR के पक्ष मे जारी डी.डी./बैंकर्स चैक निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
(3) बोली प्रतिभूति राशि–बिड सिक्योरिटी राशि 10000 रूपये का ASSTT. DIRECTOR MAHILA SADAN JAIPUR के पक्ष मे जारी डी.डी./बैंकर्स चैक निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
(4) निविदादाता को राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 या इण्डियन कम्पनी एक्ट 2013 के अन्तर्गत पंजीकृत होने का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
(5) GST & PAN CARD- निविदादाता को जी.एस.टी. में पंजीकृत होना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा प्रपत्रों के साथ जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं पैन कार्ड की स्व–हस्ताक्षरित प्रतिलिपि करना आवश्यक है।
(6) FSSAI RESGISTRATION/ LICENSE - निविदादाता द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के द्वारा जारी लाइसेंस/ पंजीयन प्रमाण पत्र की स्व–हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है।
(7) निविदादाता को गत सात वर्षों की अवधि में राजकीय विभाग/कार्यालय/संस्थान/उपकम में फल एवं सब्जी आपूर्ति करने का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में निविदादाता द्वारा सम्बन्धित कार्यादेश एवं अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
(8) निविदादाता का विगत तीन वित्तीय वर्षो का औसत टर्न ओवर न्यूनतम 5 लाख रूपये होना अनिवार्य हैं। इसके लिए विगत तीन वित्तीय वर्षो (2020–21, 2021–22 व 2022–23) के चार्टेड एकाउंटेन्ट द्वारा प्रमाणित टर्न ओवर प्रमाण पत्रों की प्रति संलग्न की जावे।
(9) निविदादाता फर्म को निविदा प्रपत्र के ANNEXURE- A से ANNEXURE–D को स्वहस्ताक्षर कर निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
(10) निविदाएं सामग्री के वास्तविक व्यापारकर्ता/अधिकृत थोक विक्रेता/उत्पादनकर्ता द्वारा ही दी जावेगी। इस सम्बन्ध में निविदादाता द्वारा एस.आर. 11 में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। (ANNEXURE - E )
(11) निविदादाता फर्म को किसी न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं होने का प्रमाण पत्र ANNEXURE -F में प्रस्तुत करना होगा।

**(ब) वित्तीय निविदा :–(ANNEXURE-G)**
(1) निविदादाताओ द्वारा वित्तीय निविदा ANNEXURE-G में भरकर बंद लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी।
(2) दरें उचित स्थान पर अंको एवं शब्दों दोनों में लिखना आवश्यक है। प्रत्येक काट–छांट पर निविदा दाता के पूर्ण हस्ताक्षर किये जाने आवश्यक है।
(3) निविदा के साथ संलग्न सूची ANNEXURE-G में वर्णित प्रत्येक आइटम की एकल दरें ही मान्य होगी। निविदादाता द्वारा एक से अधिक दरें अंकित करने पर उक्त आइटम की दर न्यूनतम दर को मान लिया जायेगा।
(4) निविदादाता द्वारा फल एवं सब्जी आपूर्ति की दरें राज्य महिला सदन के भण्डार गृह तक पहुंचाने के लिए समस्त करों (जी.एस.टी. एवं अन्य कर) व व्यय सहित प्रस्तुत करनी होगी।
(5) निविदादाता द्वारा दी गई दरें कार्यादेश दिये जाने की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगी। उक्त अवधि को पारस्परिक सहमति से नियमानुसार बढ़ाया जा सकेगा।


Email- rajyamahilasadan@gmail.com
Phone – 0141-2732486

Scanned with CamScanner

3. सदन के लिए फल एवं सब्जी आपूर्ति करने वाले सफल निविदादाता का निर्धारण ANNEXURE-G में निविदादाताओं के द्वारा समस्त आइटम के लिए दी गई दरों के न्यूनतम कुल योग के आधार पर किया जावेगा।
4. निविदा प्रारूप स्याही/टंकण से भरा जावेगा। पेन्सिल से भरी गई निविदा को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
5. विधि मान्यता : निविदायें खोले जाने के दिनांक से तीन माह की अवधि के लिये विधि मान्य होगी।
6. संवेदक अपनी संविदा को या सारवान भाग को किसी अन्य एजेन्सी के लिये नहीं सौंपेगा या उप भाडे पर (सबलेट) पर नहीं देगा।
7. असफल निविदादाताओं को बिड सिक्योरिटी निविदा स्वीकृत होने की तिथि से एक माह के भीतर वापस कर दी जावेगी।
8. यह दर संविदा सदन में आवासरत आवासनियों के दोनों समय के भोजन एव नाश्ते मे प्रयुक्त होने वाले फल एवं सब्जी की आपूर्ति के लिए आमंत्रित की गई है।
9. कार्यालय सहायक निदेशक राज्य महिला सदन जयपुर द्वारा निविदादाता को साप्ताहिक मांग पत्र उपलब्ध करवाया जायेगा। फल एव सब्जी की आपूर्ति मांग पत्र के अनुसार दैनिक/दिये गये आदेशानुसार की जायेगी।
10. फल तथा सब्जी की गुणवत्ता उच्च होनी चाहिए। फल एवं सब्जी मे रासायनिक/कीटनाशक स्वीकृत मात्रा से अधिक पाये जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
11. फल एवं सब्जियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु एक समिति का गठन किया जावेगा। आपूर्ति प्राप्त होने पर उक्त समिति द्वारा निविदादाता/उसके प्रतिनिधि के समक्ष फल एवं सब्जी का निरीक्षण किया जायेगा। फल एवं सब्जी अच्छी गुणवता की नही होने पर स्वीकार नही की जाएगी। अस्वीकृत माल को निविदादाता को स्वयं के व्यय पर निर्धारित समयावधि में आवश्यक रूप से बदलना होगा।
12. फल एवं सब्जी संस्था में तौल कर सुपुर्द करनी होगी।
13. सब्जियों तथा फलों की आपूर्ति हेतु मांग पत्र जारी किया जाएगा। आदेशित फल एवं सब्जी बाजार में उपलब्ध नही होने पर निविदादाता के पत्र पर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के इस सम्बन्ध में पूर्ण सन्तुष्ट होने पर ही अन्य फल सब्जी का आदेश दिया जाएगा।
14. फल एवं सब्जी सड़े-गले होने पर स्वीकार नहीं की जायेगी एवं ताजा फल व सब्जी ही स्वीकार की जायेगी।
15. सामग्री की आपूर्ति समय पर नही करने पर सहायक निदेशक राज्य महिला सदन को अधिकार होगा कि वह उक्त सामग्री बाजार में मंगवा ले और उसमें हुए अतिरिक्त व्यय को ठेकेदार के विचाराधीन बिल या प्रतिभूति राशि या अन्य तरीके से वसूल कर लेवें।
16. खुली निविदा सदन में 100 आवासनियों के लिए फल एवं सब्जी की आपूर्ति के लिए आमंत्रित की गई है। सदन में आवासनियों की संख्या में कमी/वृद्धि होने की स्थिति में आवश्यकतानुसार फल एवं सब्जी आपूर्ति के लिए मात्रा के सम्बन्ध में समस्त अधिकार सहायक निदेशक राज्य महिला सदन जयपुर को होगा। यदि क्रेता अधिकारी किन्ही निविदत्त वस्तुओं की खरीद नहीं करता है अथवा अनुबन्धित अवधि में अनुमानित लागत से कम अथवा अधिक क्रय करता है तो इस सम्बन्ध मे निविदादाता को होने वाले अतिरिक्त व्यय/हानि के सम्बन्ध में क्रेता अधिकारी द्वारा कोई क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं किया जायेगा।
17. दर संविदा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 29(जे.) के अनुसार **"दर संविदा के अधीन कीमतें, कीमत गिरने"** के खण्ड के अध्यधीन होगी।
18. कार्य संपादन प्रतिभूति एवं करार :-
    1. सफल निविदादाता को आदेश के प्राप्त होने से सात दिवस की अवधि के भीतर निर्धारित प्रारूप मे एक करार 500/- रू. के स्टाम्प पेपर पर निष्पादित करना होगा।
    2. सफल निविदादाता कार्यादेश मूल्य के 5 प्रतिशत के बराबर कार्य संपादन प्रतिभूति डी.डी/बैकर्स चैक/एफ.डी.आर के रूप में जमा करानी होगी, जो कि ASSTT. DIRECTOR MAHILA SADAN JAIPUR के नाम से देय होगी। यह करार एवं प्रतिभूति प्रेषण के उस दिनांक से जब निविदा के स्वीकार किये जाने की सूचना उसे दी गई है, के सात दिवस के भीतर जमा कराई जायेगी।
    3. निविदा के समय जमा कराई गयी बोली प्रतिभूति राशि को कार्य संपादन प्रतिभूति की राशि के लिये समायोजित किया जावेगा।
    4. कार्य संपादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नही किया जायेगा।
    5. करार पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर स्टाम्प लगाने का व्यय निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा तथा विभाग को उस करार की एक निष्पादित स्टाम्प शुदा प्रति निशुल्क प्रस्तुत की जायेगी।


Email- rajyamahilasadan@gmail.com

Phone – 0141-2732486

Scanned with CamScanner

(ANNEXURE - G )

# कार्यालय सहायक निदेशक राज्य महिला सदन,

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,
रामसिंहपुरा, शिकारपुरा रोड, सेक्टर –35, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर ( राज0)

**विषयः– राज्य महिला सदन जयपुर में दर संविदा पर एक वर्ष के लिए फल एवं सब्जी की आपूर्ति के लिए निविदा**

1 निविदादाता का नाम व डाक का पूरा पता... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ...
... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... .. . .. .. .. .. .. . . ...
दूरभाष नं.... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ... ईमेल ... ... ... ... ... ...... ... ... ... ... ...... ... ... ... ... ...

2 संदर्भ निविदा विज्ञप्ति– खुली निविदा आमंत्रण सूचना 01/2023–24 क्रमांक .... ... ... ... दिनांक .... ... ... ...

3 फल एवं सब्जी आपूर्ति के लिए हमारी दरें (समस्त करों एवं व्यय सहित) निम्नानुसार हैः–

| क्र.सं. | फल/सब्जी का नाम | दर प्रति किलो (राशि रुपयों में) | |
|---|---|---|---|
| | | (अंको मे) | (शब्दों में) |
| 1 | मौसम के अनुसार विभिन्न सब्जियां | | |
| 2 | आलू (सम्पूर्ण वर्ष) | | |
| 3 | प्याज (सम्पूर्ण वर्ष) | | |
| 4 | टमाटर (सम्पूर्ण वर्ष) | | |
| 5 | लहसुन (सम्पूर्ण वर्ष) | | |
| 6 | हरा धनिया (सम्पूर्ण वर्ष) | | |
| 7 | हरी मिर्च (सम्पूर्ण वर्ष) | | |
| 8 | केला (सम्पूर्ण वर्ष) | | |
| 9 | सेब (मौसम के अनुसार) | | |
| 10 | अमरूद (मौसम के अनुसार) | | |
| 11 | मौसमी/संतरा (मौसम के अनुसार) | | |
| 12 | पपीता (मौसम के अनुसार) | | |
| 13 | आम (मौसम के अनुसार) | | |
| 14 | चीकू (मौसम के अनुसार) | | |
| 15 | अंगूर (मौसम के अनुसार) | | |
| 16 | तरबूज/खरबूजा (मौसम के अनुसार) | | |
| 17 | नाशपाती (मौसम के अनुसार) | | |
| 18 | मौसम के अनुसार अन्य फल | | |
| **कुल योग** | | | |

**नोट : सभी आईटम की दरें अंकित करना अनिवार्य है।**

मै/हम सहायक निदेशक राज्य महिला सदन जयपुर के द्वारा जारी खुली निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 1/2023–24 क्रमांक ... ... ... दिनांक ... ... .... ... ... ... में वर्णित सभी शर्तें एवं निविदा दस्तावेजों में दी गई शर्तों के अनुसार फल एवं सब्जी की आपूर्ति उक्त दरों पर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

Date :

Place:

Signature of bidder :

Name:

Address:

D:\Tender 2023-24\Tender fruit and vegetable (Autosaved).docx

Email- rajyamahilasadan@gmail.com

Phone – 0141-2732486

Scanned with CamScanner